# छत्तीसगढ़ शासन

# विमानन विभाग

# वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन

# 2015–2016

# विमानन विभाग

## (आलोच्य अवधि में प्रभार)

## 2015–2016

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री | माननीय डॉ. रमन सिंह |
| संसदीय सचिव | माननीय श्री मोतीराम चंद्रवंशी |
| संयुक्त सचिव, विमानन | श्री रजत कुमार (भा.प्र.से)<br>दिनांक 04.02.2015 से निरंतर..... |
| संचालक, विमानन | श्री रजत कुमार (भा.प्र.से)<br>दिनांक 07.10.2014 से निरंतर..... |

# <u>विमानन विभाग</u>
## <u>वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन वर्ष, 2015–16</u>

**विषयः– वर्ष 2015–16 का वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन ।**

**सामान्यः–**

**<u>अ.</u>** ''विमानन'' भारतीय संविधान की संघ सूची का विषय है, परन्तु राज्य शासन के पास स्वयं के विमान/हेलीकॉप्टर होने के कारण एवं प्रदेश में हवाई यातायात सुविधा के अधोसंरचना विकास हेतु इस विभाग का गठन हुआ है, जिसके मुख्य कार्य इस प्रकार है :–

(1) अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिए शासकीय विमान/हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराना ।

(2) शासकीय विमान तथा हेलीकॉप्टर के अनुरक्षण एवं परिचालन की व्यवस्था ।

(3) केन्द्रीय उड्डयन नीति अन्तर्गत प्रदेश में वायु यातायात सेवाओं के विस्तार के लिए पहल करना ।

(4) वायु यातायात के विकास के लिए राज्य के संसाधनों से निर्मित हवाई पट्टियों के अनुरक्षण तथा विकास संबंधी कार्य ।

(5) जिले के प्रमुख स्थलों में पक्के हेलीपेड निर्माण कार्य तथा राज्य में स्थित हवाई अड्डों का उन्नयन व संरक्षण कार्य ।

**<u>ब.</u>** राज्य शासन के द्वारा विमानन विभाग के अधीन शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर के संधारण व परिचालन के लिए संचालनालय विमानन का सेटअप स्वीकृत किया गया है । (परिशिष्ट–अ)

**<u>भाग–1</u>**

आलोच्य अवधि में राज्य शासन के पास उपलब्ध विमान/हेलीकॉप्टर का विवरण निम्नानुसार है :–

**(अ) <u>शासकीय विमान :–</u>**

शासकीय विमान किंग एयर बी–200, व्ही.टी.–सी.टी.जी. का क्रय मेसर्स रेथेयोन एयरक्राफ्ट कंपनी, अमेरिका से ₹ 23.88 करोड़ में किया गया है। यह विमान दिसंबर 2006 में शासन को प्राप्त हुआ था तथा वर्तमान में विशिष्ट व्यक्तियों की

यात्राओं व शासकीय कार्य हेतु उपयोग में लाया जा रहा है । वर्ष में 01 जनवरी, 2015 से 31 दिसम्बर, 2015 तक 304:00 घंटे उड़ान तथा कुल 2587:55 घंटे की उड़ान पूरी कर चुका है । विमान में दो पायलटों के अलावा 09 यात्रियों के बैठने हेतु सीटें उपलब्ध हैं। विमान का संधारण कार्य विभागीय अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट माना, रायपुर स्थित शासकीय हैंगर में किया जा रहा है ।

**(ब) <u>शासकीय हेलीकॉप्टर :–</u>**

शासकीय हेलीकाप्टर अगुस्ता ए 109 पावर, व्ही.टी.–सी.एच.जी. इटली की कम्पनी अगुस्ता वेस्टलैंड से राशि ₹ 25.96 करोड़ में क्रय किया गया है तथा यह दिसंबर 2007 से उड़ान हेतु उपलब्ध है। इस हेलीकॉप्टर में बैठक क्षमता 2+5 है । इस हेलीकॉप्टर द्वारा 01 जनवरी, 2015 से 31 दिसम्बर, 2015 तक 229:30 घंटे एवं कुल 1994:30 घंटे की उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई है । अतिविशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं व शासन के कार्य में इसका उपयोग किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर का परिचालन शासन द्वारा नियुक्त पायलटों द्वारा एवं संधारण का कार्य विभागीय अभियंताओं द्वारा पुलिस लाईन स्थित शासकीय हैंगर में किया जा रहा है।

**<u>भाग–2</u>**

**(अ) <u>राज्य में स्थित हवाई पट्टियाँ :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित हवाई पट्टियों की जानकारी परिशिष्ट ''ब'' में वर्णित है ।

**(ब) <u>राज्य में स्थित हेलीपेड की जानकारी :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में पक्के हेलीपेड निर्माण योजना के तहत् वर्ष 2010–11 में 65 एवं 2011–12 में 09 ब्लॉक में हेलीपेड का निर्माण किया गया तथा वर्ष 2013–14 में 09 ब्लॉक मुख्यालयों में निर्मित पक्के हेलीपेड की कार्योपरान्त प्रशासकीय स्वीकृति वर्ष 2014–15 में जारी की गई है । वर्तमान में कुल 83 हेलीपेड की प्रशासकीय स्वीकृति उपरान्त 68 हेलीपेड का कार्यपूर्ण हो चुका है तथा 15 हेलीपेड का कार्य अपूर्ण है । विवरण परिशिष्ट ''स'' प्रस्तुत है ।

**(स) हवाई पट्टी का विस्तार एवं उन्नयन :–**

छत्तीसगढ़ राज्य में आठ हवाई पट्टियाँ हैं जिसमें से पाँच हवाई पट्टी राज्य शासन के स्वामित्व में एवं तीन हवाई पट्टी अन्य के स्वामित्व में हैं । जिला अम्बिकापुर (दरिमा), बिलासपुर, भिलाई (नंदिनी), जगदलपुर, जशपुरनगर, रायगढ़ (कोड़ातराई), कोरबा एवं रायगढ़ (जिंदल) में हवाई पट्टियाँ स्थित है । छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन हवाई पट्टी निर्माण एवं उन्नयन योजना के तहत् वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 में राज्य शासन द्वारा बलरामपुर, बीजापुर तथा दंतेवाड़ा में नवीन हवाई पट्टी निर्माण हेतु क्रमशः राशि ₹ 1362.32 लाख, ₹ 1987.48 लाख तथा ₹ 681.13 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । इसी प्रकार पूर्व से निर्मित अम्बिकापुर, (दरिमा हवाई पट्टी) हेतु राशि ₹ 1261.87 लाख (मांग अनुसार संशोधित कर ₹ 1407.72 लाख) जशपुरनगर हेतु राशि ₹ 885.69 लाख की भी प्रशासकीय स्वीकृति हवाई पट्टियों के उन्नयन के लिये जारी की गई है तथा इनके कार्य प्रगति पर हैं । दरिमा हवाई पट्टी, बलरामपुर हवाई पट्टी पर टेस्ट फ्लाईट के उपरान्त शासकीय विमान की लैंडिंग भी की जा रही है ।

**(द) बजट प्रावधान :–**

वित्तीय वर्ष 2015–16 में विमानन संचालनालय के लिए कुल बजट राशि ₹ 66,94,52,000/– का प्रावधान है, जिसके विरूद्ध 31 जनवरी, 2016 तक ₹ 13,28,46,450/– का व्यय हो चुका है तथा बजट की शेष राशि ₹ 53,66,05,550/– है । (परिशिष्ट–''द'')

**भाग–तीन एवं चार :–**

राज्य में विमानन विभाग के अधीन वर्तमान में कोई केन्द्र प्रवर्तित योजना संचालित नहीं है एवं कोई जांच कमेटी या अध्ययन कमेटी गठित नहीं की गई है ।

**1. छत्तीसगढ़ का Perspective Civil Aviation Plan तैयार कराने का कार्य :–**

सचिव, भारत सरकार, नागर विमानन, मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त सुझावों अनुसार वायु यातायात को विकसित करने हेतु छत्तीसगढ़ के Civil Aviation का State Perspective Plan तैयार कराया गया है । सलाहकार की रिपोर्ट के अनुसार रायगढ़, अम्बिकापुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं कोरबा में वायु सेवाओं हेतु काफी सम्भावनायें है ।

**2. एयरपोर्ट लायसेन्स लेने हेतु सर्वे एवं डॉक्यूमेंट तैयार कराने का कार्य** :–

छत्तीसगढ़ राज्य में वायु यातायात की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए प्रदेश के 07 हवाई अड्डों (एयर स्ट्रीप) 1. अम्बिकापुर 2. रायगढ़ 3. जगदलपुर 4. जशपुर 5. कोरबा 6. भिलाई एवं 7. बिलासपुर को DGCA के मापदण्ड के अनुरूप सुधारने एवं लायसेंस प्राप्त करने के उद्देश्य से सलाहकार नियुक्त कर कार्य पूर्ण कराया गया । इसके अंतर्गत विभिन्न मैनुअल तैयार कराये गये ।

**3. स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में तैयार करने की पहल** :–

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा व राज्य शासन के प्रस्ताव पर रायपुर एयरपोर्ट का नाम स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रखा है । स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने एवं भविष्य की सम्भावनाओं के मद्देनज़र विस्तार की कार्य योजना तैयार किया गया है । इस हेतु लगभग 400 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उपलब्ध करायी गई है । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा रनवे विस्तार का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जा रहा है । राज्य शासन द्वारा रायपुर एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया है । स्वीकृति अपेक्षित है ।

**4. रायगढ़ हवाई पट्टी को 3C/4C केटेगरी के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की पहल** :–

राज्य शासन द्वारा सलाहकार की रिपोर्ट से सहमत होकर रायगढ़ हवाई पट्टी को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ MoU कर 3C/4C केटेगरी एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है । वर्ष 2012–13 में एयरपोर्ट के लिए भूमि अर्जन हेतु ₹ 20.00 करोड़ कलेक्टर, रायगढ़ को प्रदान किया गया है । भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारम्भ है ।

**5. फ्यूल बाऊजर** :–

नक्सली समस्या के निदान हेतु एयरफोर्स व BSF के उड़ान एवं राज्य पुलिस के संयुक्त मूव्हमेंट में प्रयुक्त हेलीकॉप्टरों में फ्यूल उपलब्ध कराने हेतु 09 नग फ्यूल

बाऊजर एवं 01 नग आयल टेंकर क्रय कर कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दन्तेवाड़ा, जगदलपुर, बीजापुर व अम्बिकापुर में बाऊजर स्थापित किये गये है तथा बाऊजर संचालन व रख–रखाव हेतु पुलिस विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन के उपयोग हेतु 01 नग फ्यूल बाऊजर क्रय कर रायपुर में रखा गया है । जिससे हवाई उड़ान हेतु फ्यूल उपलब्धता आसान हो गई है ।

**6. <u>अशासकीय संकल्प : चकरभाटा (बिलासपुर) से नियमित विमान सेवा प्रारम्भ करना</u> :–**

चकरभाटा (बिलासपुर) के साथ जगदलपुर एवं अम्बिकापुर को जोड़ते हुए नियमित विमान सेवा प्रारम्भ करने हेतु छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा अशासकीय संकल्प पारित किया गया है । राज्य शासन द्वारा इस बाबत् भारत सरकार नागर विमानन, मंत्रालय से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया है । केन्द्र सरकार की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है । बिलासपुर चकरभाटा हवाई पट्टी का विकास कार्य छत्तीसगढ़ शासन विमानन विभाग, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा सैन्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना है ।

**7. <u>अशासकीय संकल्प : स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना</u> :–**

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर को अन्र्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु अशासकीय संकल्प पारित किया था । राज्य शासन द्वारा भारत सरकार नागर विमानन, मंत्रालय से रायपुर एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है । केन्द्र सरकार की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है ।

**8. <u>शासन का स्टेट हैंगर एवं प्रशासकीय भवन</u> :–**

स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट के नज़दीक राज्य शासन का स्टेट हैंगर एवं प्रशासकीय भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है । शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर का उड़ान संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य प्रारम्भ करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था हेतु X-Ray Baggage Scanner क्रय किया गया है । HHMD एवं DFMD, X-Ray Baggage Scanner स्थापित किया जा चुका है तथा उड़ान संचालन प्रारम्भ होने पर HHMD एवं DFMD स्थापित किया जाएगा ।

## 9. **<u>ATF पर वाणिज्यकर</u>** :–

राज्य शासन द्वारा ATF पर वाणिज्यकर 25 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत किया गया है । इससे रायपुर से आने–जाने वाली फ्लाईट की संख्या बढ़ी है तथा ATF की बिक्री भी बढ़ी है । इसकी सराहना नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी की गई है एवं इसे दूसरे प्रदेशों के लिए अनुकरणीय बताया गया है ।

## 10. **<u>कारगो टर्मिनल प्रारम्भ करने बाबत्</u>** :–

रायपुर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को कारगो टर्मिनल के रूप में बनाये जाने से यहाँ के उद्योगों को लाभ होगा । अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को इस संबंध में अनुरोध किया गया है । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से अनुमोदन अपेक्षित है ।

## 11. **<u>राज्य में नये एयरपोर्ट का विकास</u>** :–

रिज़नल एयर कनेक्टिविटी हेतु राज्य शासन द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्रालय से बिलासपुर, अम्बिकापुर एवं जगदलपुर एयरपोर्ट को भारत सरकार की एयरपोर्ट विकसित करने सम्बन्धी योजनाओं में शामिल करने का आग्रह किया है । बिलासपुर औद्योगिक संस्थानों के अतिरिक्त शैक्षणिक व वाणिज्यिक गतिविधियों का भी केन्द्र है । यहाँ NTPC, SECL, Railway Zone, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अतिरिक्त राज्य के दो विश्वविद्यालय है । अम्बिकापुर व जगदलपुर क्षेत्र में पर्यटन तथा औद्योगिक विकास की काफी सम्भावनाएं है । हवाई सेवा प्रारम्भ होने से इन क्षेत्रों के विकास में और तेजी आयेगी ।

## 12. **<u>जगदलपुर हवाई पट्टी पर नाईट लैंडिंग सुविधा</u>** :–

एन्टी नक्सल मूव्हमेन्ट अन्तर्गत जगदलपुर हवाई पट्टी से रात्रि में विमान उड़ान की सुविधा हेतु नाईट लैंडिंग की सुविधा विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को ₹ 136.00 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई थी । नाईट लैंडिंग हेतु लाईटिंग कार्य पूर्ण हो चुका है तथा विद्युतीकरण का कार्य किया जाना है ।

इसके अलावा जगदलपुर हवाई पट्टी को 2–C VFR केटेगरी में विकसित करने हेतु राज्य शासन, केन्द्रीय गृह मंत्रालय, नई दिल्ली एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई जिसमें लिए गए निर्णयानुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम द्वारा जगदलपुर एयरपोर्ट का दौरा किया गया । निरीक्षणोपरान्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम ने अपना मत व्यक्त किया कि आधारभूत सुविधाओं के विकास द्वारा जगदलपुर एयरपोर्ट को 2–C VFR केटेगरी में विकसित किया जा सकता है । वर्तमान में जगदलपुर के सिविल एयरपोर्ट विकास हेतु शासकीय प्रक्रिया जारी है ।

## 13. <u>राज्य में एयर टैक्सी सुविधा</u> :–

छत्तीसगढ़ राज्य में वायु यातायात सेवा को विकसित करने की माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से विमानन विभाग द्वारा आम जनमानस को एयर टैक्सी की सुविधा मुहैया कराने का निर्णय लिया गया है । इसी क्रम में सार्वजनिक परिपत्र जारी कर इच्छुक ऑपरेटरो से प्रस्ताव मंगाये गये है । BCAS ( Bureau of Civil Aviation Security ) के गाईड लाईन अनुसार आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से X-Ray Baggage Scanner एवं DFMD एवं HHMD क्रय कर शासन के 05 एयरस्ट्रीप (1. अम्बिकापुर 2. जशपुर 3. बिलासपुर 4. जगदलपुर एवं 5. कोरबा) पर स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है ।

## 14. <u>सिविल एविएशन ड्राफ्ट पॉलिसी में राज्य के सुझाव</u> :–

एयर टैक्सी सर्विस की सुविधा का विकास राज्य विमानन के क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी । विभाग ने केन्द्र सरकार को रिज़नल कनेक्टिविटी स्कीम में निम्नलिखित प्रमुख सुझाव सिविल एविएशन पॉलिसी में सम्मिलित करने के लिये दिये है :–

1. सरकार टियर II/III शहरों को जोड़ने के लिये छोटे विमानों के आयात, निर्माण पर लागू नियमों में सुधार कर इसको प्रोत्साहन करने, करों में छूट, इस व्यवसाय में होने वाले व्यय पर आयकर से छूट की समय–सीमा, सम्बन्धित संधारण सुविधा को आर्थिक लाभ, ATF पर वैट से छूट आदि प्रस्तावित है ।

2. इस सुविधा के समुचित संचालन के लिये e-Governance का माध्यम होना चाहिये । इससे सम्बन्धित सारे कार्यो का निर्धारण आधारभूत स्तर से कार्यकारी एवं निर्णयात्मक स्तर तक e-Governance होना चाहिये ।

3. इस प्रकार की सेवाएं देने वाली कम्पनियों को अधिक उड़ान, अधिक लैंडिंग, अधिक पैसेन्जर आदि के आधार पर सुनिश्चित स्थानों के बीच प्रोत्साहन देना चाहियें। इससे टियर II/III क्षेत्रों के आर्थिक विकास में तेज़ी आयेगी ।

4. इस स्कीम के अन्तर्गत शहरों का चुनाव मात्र व्यावसायिक आधार पर ही न हो । उन शहरों को इसमें जोड़ा जाये जिनसे लगे क्षेत्रों का विकास अन्य कारणों से अतिशीघ्र आवश्यक है । जैसे :— बस्तर से जगदलपुर ।

5. इस कार्य के लिये उपलब्ध हवाई पट्टी के विकास के लिये चुनाव समयबद्ध रूप से किया जाना प्रस्तावित है ।

विमानन सुविधाओं के विकास की दिशा में निर्माण एवं संधारण सुविधाओं के विकास पर बल दिया गया है । इसमें सम्बन्धित उपकरणों के आयात पर टैक्स छूट के प्रावधान, भूमि अधिग्रहण में सहायता, समय—सीमा में टैक्स छूट का सुझाव शामिल है ।

**——00——**

## पद संरचना की जानकारी (31.12.2015 की स्थिति में)

विभाग का नाम– विमानन विभाग

**(परिशिष्ट–''अ'')** विभागाध्यक्ष का नाम– संचालक, विमानन

मांग संख्या– 65

मुख्य शीर्ष– 2052

उप मुख्य शीर्ष– 00

लघु शीर्ष– 091

योजना क्रमांक– 4043

| क्र. | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | नियमित सांख्येतर /संविदा | आकस्मिकता निधि स्थापना पद | कलेक्टर दर के पद | कुल स्वीकृत | भरे पद | रिक्त पद | ग्रेड–पे | पे–बैंड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | संचालक | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | आई.ए.एस. वरिष्ठ वेतनमान | |
| 2 | उप संचालक | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | –– | 01 | 6600 | 15600–39100 |
| 3 | प्रशासकीय सह लेखाधिकारी | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 5400 | 15600–39100 |
| 4 | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | –– | 01 | 4300 | 9300–34800 |
| 5 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | –– | –– | –– | –– | 02 | 01 | 01 | 2400 | 5200–20200 |
| 6 | स्टेना टायपिस्ट | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | –– | 01 | 1900 | 5200–20200 |
| 7 | लेखापाल | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 2400 | 5200–20200 |
| 8 | सहायक ग्रेड–02 | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 2400 | 5200–20200 |
| 9 | सहायक ग्रेड–03 | 03 | –– | –– | –– | –– | 03 | 03 | –– | 1900 | 5200–20200 |
| 10 | वाहन चालक | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 1300 | 4750–7440 |
| 11 | भृत्य | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 1300 | 4750–7440 |
| 12 | सीनियर पायलट, विमान | 04 | –– | –– | –– | –– | 04 | 01 | 03 | 8900 | 37400–67000 |
| 13 | सीनियर पायलट, हेली | 02 | –– | –– | –– | –– | 02 | 02 | –– | 8900 | 37400–67000 |
| 14 | पायलट हेली. | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 7600 | 15600–39100 |
| 15 | मुख्य अभियंता | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | –– | 01 | 8900 | 37400–67000 |
| 16 | उप मुख्य अभियंता (रेडियो) | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 8700 | 37400–67000 |
| 17 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (विमान) | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 7600 | 15600–39100 |
| 18 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (हेली.) | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 7600 | 15600–39100 |
| 19 | सहायक अभियंता (एयरक्राफ्ट) | 02 | –– | –– | –– | –– | 02 | 01 | 01 | 5400 | 15600–39100 |
| 20 | वरिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | –– | 01 | 5400 | 15600–39100 |
| 21 | फोरमैन | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 4400 | 9300–34800 |
| 22 | CAMO मैनेजर | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 4400 | 9300–34800 |
| 23 | ऑपरेशन मैनेजर | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 4300 | 9300–34800 |
| 24 | क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | 01 | –– | 4300 | 9300–34800 |
| 25 | कनिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | –– | –– | –– | –– | 01 | –– | 01 | 4300 | 9300–34800 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | सीनियर मैके. (विमान) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 2800 | 5200—20200 |
| 27 | सीनियर मैके. (हेली) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 01 | 02 | 2800 | 5200—20200 |
| 28 | स्टोरकीपर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01 | 01 | 2400 | 5200—20200 |
| 29 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 2400 | 5200—20200 |
| 30 | वाहन चालक | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 1900 | 5200—20200 |
| 31 | वाहन चालक कम क्लीनर | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 01 | 02 | 1800 | 5200—20200 |
| 32 | टूल ब्वाय | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 33 | चौकीदार | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 34 | माली | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | 01 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| 35 | स्वीपर | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | 02 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| **योग** | | **50** | **——** | **——** | **——** | **03** | **53** | **37** | **16** | | |

# विमानन संचालनालय में स्वीकृत उपलब्ध एवं रिक्त पदों का विवरण

## प्रशासकीय शाखा

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | रिक्त पद | उपलब्ध पद | नाम | नियुक्ति प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालक | 01 | —— | 01 | 1. श्री रजत कुमार, IAS | IAS संवर्ग |
| 2. | उप संचालक | 01 | 01 रिक्त | —— | —— | —— |
| 3. | प्रशासकीय सह लेखाधिकारी | 01 | —— | 01 | 1. श्री अजय कुमार साण्डे (नियमित) | राज्य वित्त सेवा संवर्ग से नियुक्ति |
| 4. | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | 01 रिक्त | —— | —— | —— |
| 5. | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | 01 रिक्त | 01 | 1. श्रीमती रेचल फ्रांसिस | प्रतिनियुक्ति |
| 6. | स्टेनो टायपिस्ट | 01 | —— | 01 | 1. श्री हेमन्त कुमार साहू | संविदा |
| 7. | लेखापाल | 01 | —— | 01 | 1. श्री व्ही0 एस0 कश्यप | प्रतिनियुक्ति |
| 8. | सहायक ग्रेड–02 | 01 | —— | 01 | 1. श्री एस0 बिश्वास | प्रतिनियुक्ति |
| 9. | सहायक ग्रेड–03 | 03 | —— | 03 | 1. श्री मोहम्मद रफीक<br>2. श्री संतराम वर्मा<br>3. श्री सुरेन्द्र कुमार यादव | प्रतिनियुक्ति<br>प्रतिनियुक्ति<br>संविदा |
| 10. | वाहन चालक | 01 | —— | 01 | 1. श्री नंदराम साहू | प्रतिनियुक्ति |
| 11. | भृत्य | 01 | —— | 01 | 1. श्री चोवालाल यदु | प्रतिनियुक्ति |
| **योग** | | **14** | **03** | **11** | | |

## पायलट शाखा

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | रिक्त पद | उपलब्ध पद | नाम | नियुक्ति प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीनियर पायलट, विमान | 04 | 01 रिक्त | 03 | 1. कैप्टन टी0 एस0 सोबती, सीनियर पायलट<br>2. कैप्टन विरेन्द्र सिंह, सीनियर पायलट<br>3. कैप्टन मुनेष पंचोली, पायलट | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| 2. | सीनियर पायलट, हेलीकॉप्टर | 03 | —— | 03 | 1. कैप्टन एस0 पी0 एस0 सिसोदिया, सीनियर पायलट<br>2. कैप्टन पंकज जायसवाल<br>3. कैप्टन जी0 के0 पांडा | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| **योग** | | **07** | **01** | **06** | | |

# तकनीकि शाखा

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | रिक्त पद | उपलब्ध पद | नाम | नियुक्ति प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य अभियंता | 01 | 01 रिक्त | —— | —— | संविदा |
| 2. | उप मुख्य अभियंता, रेडियो | 01 | —— | 01 | 1. श्रीमती रूचि गंगवार | संविदा |
| 3. | एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस अभियंता, विमान | 01 | —— | 01 | 1. श्री विष्णुकांत शर्मा | संविदा |
| 4. | एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस अभियंता, हेलीकॉप्टर | 01 | —— | 01 | 1. श्री जी0 एस0 गोदारा | संविदा |
| 5. | सहायक अभियंता, एयरक्राफ्ट | 02 | 01 रिक्त | 01 | 1. श्री शैलेष कुमार सिंह | संविदा |
| 6. | वरिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | 01 रिक्त | —— | —— | संविदा |
| 7. | फोरमैन | 01 | —— | 01 | 1. श्री आर.एम. डोमनिक | नियमित |
| 8. | CAMO मैनेजर | 01 | —— | 01 | 1. श्री हितेन्द्र कुमार | संविदा |
| 9. | आपरेशन मैनेजर | 01 | —— | 01 | 1. श्री लोकनाथ चक्रवर्ती | संविदा |
| 8. | क्वालिटी कन्ट्रोल, मैनेजर | 01 | —— | 01 | 1. श्री निर्भय नारायण पाण्डे | संविदा |
| 9. | कनिष्ट गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | 01 रिक्त | —— | —— | संविदा |
| 9. | सीनियर मैकेनिक, विमान | 03 | —— | 03 | 1. श्री निरंजन कुमार देव<br>2. श्री नीरज कुमार<br>3. श्री सत्यप्रकाश बघेल | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| 10. | सीनियर मैकेनिक, हेलीकॉप्टर | 03 | 02 रिक्त | 01 | 1. श्री किशोर कुमार अजीत | संविदा |
| 11. | स्टोरकीपर कम कम्प्यूटर आपरेटर | 02 | —— | 02 | 1. श्री संजय कुमार मंडावी<br>2. श्री अभिषेक पाण्डे | संविदा<br>संविदा |
| 12. | वाहन चालक | 03 | 01 रिक्त | 02 | 1. श्री टेकराम मनहरे<br>2. श्री डोमनलाल साहू | संविदा<br>संविदा |

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | रिक्त पद | उपलब्ध पद | नाम | नियुक्ति प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 01 रिक्त | —— | —— | संविदा |
| 14. | वाहन चालक कम क्लीनर | 03 | —— | 03 | 1. श्री अनिल कुमार साहू<br>2. श्री संदीप लकड़ा<br>3. श्री कल्याण सिंह | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| 15. | टूल ब्वाय | 01 | —— | 01 | 1. श्री राजेश कुमार शर्मा | नियमित |
| 16. | चौकीदार | 01 | —— | 01 | 1. श्री रामनिवास मिश्रा | प्रतिनियुक्ति |
| 17. | माली | 01 | —— | 01 | 1. श्री डी0 मल्लेशुराव | कलेक्टर दर पर |
| 18. | स्वीपर | 02 | —— | 02 | 1. श्री बालाराम सेनापति<br>2. श्री कालीचरण ध्रुव | कलेक्टर दर पर<br>कलेक्टर दर पर |
| **योग** | | **32** | **08** | **24** | | |

## परिशिष्ट–''ब''

## छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्गत हवाई पट्टियों की सूची

| क्र. | जिला स्थान | रनवे की दिशा | रनवे की लंबाई (फिट में) | हवाई पट्टियों की समुद्र तल से उंचाई (फुट में) | हवाई पट्टियों के अक्षांश–देशांश | स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अंबिकापुर (दरिमा) | 16 / 34 | 5330'x50' | 1900' | उत्तर–2259.50 पूर्व–08311.66 | राज्य शासन |
| 2 | बिलासपुर | 17 / 35 | 5290'x50' | 900' | उत्तर–2159.64 पूर्व–08206.88 | राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं राज्य शासन के अधीन है |
| 3 | भिलाई (नंदिनी) | 05 / 23 | 4500'x100' | 900' | उत्तर–2118.00 पूर्व–08123.00 | स्टील अथारिटी आफ इंडिया NCC के उपयोग में |
| 4 | जगदलपुर | 06 / 24 | 5575'x100' | 1800' | उत्तर–1904.49 पूर्व–08202.25 | राज्य शासन |
| 5 | जशपुरनगर | 09 / 27 | 4000'x100' | 2400' | उत्तर–2255.55 पूर्व–08413.87 | राज्य शासन |
| 6 | रायगढ़ | 12 / 30 | 4000'x50' | 800' | उत्तर–2149.20 पूर्व–08321.49 | राज्य शासन |
| 7 | कोरबा | 18 / 36 | 3500'x50' | 1000' | उत्तर–2224.79 पूर्व–08243.16 | छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल का स्वामित्व संधारण दायित्व बाल्को को |
| 8 | रायगढ़ | 10 / 28 | 6600'x100' | 800' | उत्तर–2156.30 पूर्व–08320.23 | प्रायवेट जिन्दल ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज |

परिशिष्ट "स"

| क्र0 | जिला | स्वीकृत हेलीपेड | ब्लॉक मुख्यालय जहां हेलीपेड निर्मित है | पूर्ण कार्य | अपूर्ण कार्य | ब्लॉक का नाम जहां कार्य अपूर्ण है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | कांकेर | 05—ब्लाक | स्पोर्टस काम्पलेक्स कांकेर, भानुप्रतापपुर, पंखाजूर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़। | 05 | — | — |
| 02. | दन्तेवाड़ा | 05—ब्लाक | थाना कटेकल्याण, खेल मैदान बड़ेपनेड़ा, थाना कोन्टा, बचेली, छिन्दगढ़। | 03 | 02 | थाना कोन्टा, छिन्दगढ़ |
| 03. | रायपुर | 05—ब्लाक | धरसीवा, बलौदाबाजार, बिलाईगढ़, गरियाबंद, देवभोग। | 04 | 01 | गरियाबंद |
| 04. | बिलासपुर | 05—ब्लाक | पेन्ड्रा, गौरेला, मुंगेली, रतनपुर महामाया, कोटा। | 01 | 04 | पेन्ड्रा, गौरेला, मुंगेली, कोटा |
| 05. | कर्वधा | 05—ब्लाक | रेंगाखार, पंचराही, स. लोहारा, पंडरिया, चिल्फी हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर। | 05 | — | — |
| 06. | बीजापुर | 05—ब्लाक | गंगालूर, कोडेपाल पेदाकोडेपाल, रेड्डी। | 04 | 01 | चिन्नाकोडेपाल, |
| 07. | दुर्ग | 05—ब्लाक | नवागढ़, बेमेतरा, साजा, बेरला, धमधा। | 01 | 04 | नवागढ़, बेमेतरा, साजा, बेरला |
| 08. | राजनांदगांव | 05—ब्लाक | औंधी, सीतागांव, मदनबाड़ा, खड़गॉव, मोहला। | 05 | — | — |
| 09. | जंजगीर—चांपा | 05—ब्लाक | पामगढ़, बलौदा, अकलतरा, जैजेपुर, बम्हनीडीह। | 05 | — | — |
| 10. | जशपुर | 05—ब्लाक | मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल। | 05 | — | — |
| 11. | कोरिया | 05—ब्लाक | बैकुण्ठपुर, सोनहत, भरतपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवा। | 05 | — | — |
| 12. | महासमुन्द | 04—ब्लाक | बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली। | 03 | 01 | बसना |
| 13. | धमतरी | 03—ब्लाक | कुरूद, मगरलोड, नगरी। | 03 | — | — |
| 14. | जगदलपुर | 03—ब्लाक | तोकापाल, बकावण्ड, भानपुरी। | 02 | 01 | भानपुरी |
| 15. | रायगढ़ | 05—ब्लाक | खरसिया, घरघोड़ा, लैलूंगा, धर्मजयगढ़, तमनार। | 05 | — | — |
| 16. | बीजापुर | 04—ब्लाक | पोस्ट रानी बादेली, थाना बंगापाल, थाना तोमनार । | 03 | 01 | पोस्ट रेड्डी |
| 17. | कांकेर (भानुप्रतापपुर) | 09—ब्लाक | मण्डागांव, बड़ेझडक्कटा, टेमरूपानी, चारगांव, उदनपुर, आमाबेड़ा, सिकसोड, संगम, एडका | 09 | — | — |
| | | **83 ब्लॉक** | | **68** | **15** | **15** |

**//छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलो में निर्मित पक्के हेलीपेड की ब्लॉकवार जानकारी//**

# वित्तीय वर्ष 2015–16 का स्वीकृत बजट
## व्यय एवं शेष राशि का विवरण 31.01.2016 की स्थिति में

परिशिष्ट – "द"
(राशि हजारों में)

**विमानन संचालानलय**
**केपिटल कॉम्प्लेक्स महानदी भवन, मंत्रालय, रायपुर (छ0ग0)**
मांग संख्या 65 विस्तृत लेखा 1 राजस्व अनुभाग 2052
सचिवालय सामान्य सेवाएं 091 संबंध कार्यालय
45– विमानन विभाग
4502–संचालक, विमानन
माह–जनवरी 2016

| क्र. | मद | बजट 2015–16 में आबंटन राशि | पुनर्विनियोजन | पूर्व में व्यय | वर्तमान व्यय | कुल व्यय | बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | **# 01 वेतन भत्ते आदि** | ☐ | ☐ | | ☐ | ☐ | ☐ |
| 1 | 001 वेतन | 40700000 | | 26977397 | 2622158 | 29599555 | 11100445 |
| 2 | 002 महंगाई वेतन | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | 003 महंगाई भत्ता | 3000000 | | 2123938 | 166968 | 2290906 | 709094 |
| 4 | 006 मकान किराया भत्ता | 300000 | | 146345 | 12785 | 159130 | 140870 |
| 5 | 008 नगर क्षतिपूर्ति भत्ता | 20000 | | 8475 | 675 | 9150 | 10850 |
| 6 | 014 अन्य भत्ते | 900000 | ☐ | 173741 | 17719 | 191460 | 708540 |
| 7 | 015 चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 72000 | | 19692 | 0 | 19692 | 52308 |
| 8 | 018 भविष्य निधि अंशदान | 120000 | | 115200 | 0 | 115200 | 4800 |
| 9 | 020 त्यौहार अग्रिम | 72000 | | 48000 | 0 | 48000 | 24000 |
| 10 | 021 घटाईये वापसियां | –72000 | | –48000 | 0 | –48000 | –24000 |
| 11 | 022 अनाज अग्रिम | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | 023 घटाईये वापसियां | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | 024 चिकित्सा अग्रिम | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 14 | 025 घटाइये वापसियां | –10000 | | 0 | 0 | 0 | –10000 |
| ☐ | **योग उददेश्य # 01** | **45112000** | | **29564788** | **2820305** | **32385093** | **12726907** |
| ☐ | **# 02 मजदूरी** | ☐ | | | | | |
| 15 | 004 अन्य आकस्मिक मजदूरी | 575000 | | 308794 | 35602 | 344396 | 230604 |
| ☐ | **# 03 यात्रा भत्ता** | ☐ | | | | | |
| 16 | 001 यात्रा भत्ता दौरे आदि पर | 950000 | | 629987 | 23923 | 653910 | 296090 |
| ☐ | **# 04 कार्यालय व्यय** | ☐ | | | | | |
| 17 | 001 डाक तार पर व्यय | 20000 | | 15000 | 0 | 15000 | 5000 |
| 18 | 002 दूरभाष पर व्यय | 250000 | | 95172 | 19743 | 114915 | 135085 |
| 19 | 003 फर्नीचर एवं कार्यालय उपकरण | 300000 | | 0 | 0 | 0 | 300000 |
| 20 | 004 पुस्तकें एवं नियतकालिक पत्रिकाएं | 50000 | | 3776 | 744 | 4520 | 45480 |
| 21 | 005 बिजली एवं जल प्रभार | 1100000 | | 573281 | 62631 | 635912 | 464088 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 006 वर्दियां | 25000 | | 11905 | 0 | 11905 | 13095 |
| 23 | 007 लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपायी | 130000 | | 44183 | 12715 | 56898 | 73102 |
| 24 | 008 अन्य आकस्मिक व्यय | 45000000 | 7490000 | 44833904 | 6387655 | 51221559 | 1268441 |
| 25 | 009 सूचना प्रौद्योगिकी | 100000 | ☐ | 81408 | 0 | 81408 | 18592 |
| 26 | 011 पेट्रोल तेल आदि पर व्यय | 20000000 | | 8706077 | 310466 | 9016543 | 10983457 |
| 27 | 013 किराया महसूल कर | 110000 | 2000000 | 1254309 | 508057 | 1762366 | 347634 |
| 28 | **योग उददेश्य # 04** | **67085000** | | **55619015** | **7302011** | **62921026** | **4163974** |
| ☐ | **# 10 व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियॉं** | ☐ | | | | | |
| 29 | 003 परामर्श सेवायें | 100000 | | 0 | 0 | 0 | 100000 |
| 30 | 009 विशेष सेवायें हेतु व्यय | 7500000 | −7490000 | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| ☐ | **# 13 आर्थिक सहायता** | ☐ | | | | | |
| 31 | 001 प्रत्यक्ष सहायता | 100000 | | 0 | 0 | 0 | 100000 |
| 32 | **# 15 डिक्री धन का भुगतान (भारित)** | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 33 | **# 24 अनुरक्षण कार्य** | 100000 | | 65230 | 5800 | 71030 | 28970 |
| ☐ | **# 27 लघु निर्माण कार्य** | ☐ | | | | | |
| 34 | 006 अन्य लघु निर्माण कार्य | 2500000 | | 865385 | 1634615 | 2500000 | 0 |
| ☐ | **# 28 मशीन और उपकरण** | ☐ | | | | | |
| 35 | 005 वायुयान के पूर्जे | 50000000 | −12700000 | 20696869 | 2642876 | 23339745 | 13960255 |
| 36 | 006 मशीन एवं उपकरण | 0 | ☐ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ☐ | **# 31 क्षतिपूर्ति** | ☐ | | | | | |
| 37 | 002 अधिग्रहित भूमि मुआवजा | 495400000 | | 0 | 0 | 0 | 495400000 |
| ☐ | **# 34 वाहनों का क्रय** | ☐ | | | | | |
| 38 | 002 भारी वाहन | 10000 | 10700000 | 10631250 | 0 | 10631250 | 78750 |
| 39 | 003 हल्का वाहन | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| ☐ | **कुल योग दत्तमत्त** | **669442000** | | **118381318** | **14465132** | **132846450** | **536595550** |
| ☐ | **कुल योग भारित** | **10000** | | **0** | **0** | **0** | **10000** |
| ☐ | **महायोग** | **669452000** | | **118381318** | **14465132** | **132846450** | **536605550** |

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत विमानन विभाग में नियुक्त अपीलीय अधिकारी, जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी ।**

–

--00--

| **क्र.** | **नियुक्त अधिकारी का नाम** | **पदनाम** | **दूरभाष क्रमांक** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजत कुमार<br>अपीलीय अधिकारी | संयुक्त सचिव | 2511544<br>4224205 |
| 2. | श्री अब्बास खान<br>जनसूचना अधिकारी | अवर सचिव | 2510081 |
| 3. | श्री मनोहर झमटानी<br>सहायक जनसूचना अधिकारी | अनुभाग अधिकारी | 9993731805 |

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत विमानन संचालनालय में नियुक्त अपीलीय अधिकारी, जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी ।**

–

--00--

| **क्र.** | **नियुक्त अधिकारी का नाम** | **पदनाम** | **दूरभाष क्रमांक** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजत कुमार<br>अपीलीय अधिकारी | संचालक | 2511544<br>4224205 |
| 2. | श्री अजय कुमार साण्डे<br>जनसूचना अधिकारी | प्रशासकीय अधिकारी | 2510172 |
| 3. | श्री आर0 एम0 डोमनिक<br>सहायक जनसूचना अधिकारी | फोरमैन | 2274020<br>2423124 |